हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 मार्च 2026

इंदौर | देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | आगर मालवा | ललितपुर | रतलाम

04 कैलादेवी मार्ग और आसपास के क्षेत्र में कार्रवाई की...



07 बस स्टैंड की प्याऊ और शौचालय में गंदगी...



## खबर संक्षेप में




### नलखेड़ा कृषि उपज मंडी सचिव पद पर भारतीय की हुई पदस्थापना

**नलखेड़ा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति नलखेड़ा के रिक्त सचिव पद पर मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा दयाराम भारतीय को पदस्थ किया गया है। जिनके द्वारा पदभार ग्रहण करने पर विधायक प्रतिनिधि हिन्दूसिंह चांदना और सभी मंडी कर्मचारियों ने भारतीय का पुष्पहारों से स्वागत किया।

### होली पर्व को लेकर खांडे बेचने वाले पहुंचे बाजार

**नलखेड़ा।** भारत देश पर्वों व त्यौहारों का देश है। यहां हर दिन कोई पर्व होता है। जिसे देशवासी अपनी पुरातन परंपराओं के अनुसार मनाते है। ऐसी ही एक पुरातन परंपरा है होली दहन की अग्नि से खांडे (लकड़ी की तलवार) जलाने की। घर परिवार के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों को शकर के बने गहने पहनाकर होली तपवाने ले जाते हैं जहां उन बच्चों के हाथों इस लकड़ी के खांडे को होली की अग्नि में थोड़ा सा जलाकर घर ले जाते हैं। होली पर्व के पूर्व शनिवार को हाट बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में इस प्रकार के खांडे बेचने वाले पहुंचे। इनके द्वारा बच्चों के लिए खांडे बेचे जा रहे थे। इसी परंपरा के निर्वहन के लिए लोगों द्वारा अपने बच्चों के लिए खांडे की खरीदी भी की गई।

### वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वार्षिकोत्सव उमंग के अंतर्गत तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोज न किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता थीम अंकुरित अनाज, केश सज्जा, सलाद सज्जा, मेहंदी तथा फूलों की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गईं। व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अंकुरित अनाज की पारंपरिक एवं आधुनिक प्रकार की आकर्षक प्रस्तुति देकर निर्णायकों को प्रभावित किया। केश सज्जा प्रतियोगिता में विभिन्न हेयर स्टाइल्स के माध्यम से कला एवं सौंदर्यबोध का प्रदर्शन किया गया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में रंग-बिरंगी सब्जियों और फलों से कलात्मक आकृतियां बनाई गईं, जिनकी रचनात्मकता सराहनीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बारीक एवं सुंदर डिजाइनों से अपनी कला का परिचय दिया। वहीं फूलों की रंगोली प्रतियोगिता में प्राकृतिक पुष्पों से आकर्षक एवं मनोहारी रंगोलियाँ सजाई गईं।

### भाईचारे, सामाजिक एकता और हर्षोल्लास के साथ मनाएं होली उत्सव

# होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपले और गौकाष्ठ का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य शासन द्वारा इस वर्ष होली का पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर प्रीति यादव की जिले के नागरिकों से अपील है कि आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और हर्षोल्लास के साथ होली का उत्सव मनाएं। होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपले एवं गौकाष्ठ का उपयोग किया जाए, ताकि वनों की कटाई पर रोक लगे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, पानी की बचत करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प ले और हुड़दंग से दूर रहकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाए।



#### निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में आयोजित होने वाले सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराया जाएगा। यह पंजीयन जिला मुख्यालय पर पंचायतों के माध्यम से तथा तहसील एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकायों द्वारा पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क नंबर प्राप्त किए जाएंगे। जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक संस्थाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

#### मैदानी निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण

होलिका दहन के दिन मैदानी अमले द्वारा सार्वजनिक आयोजनों का भ्रमण किया जाएगा तथा जलाऊ एवं इमारती लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजन पूर्ण रूप से गौकाष्ठ आधारित होने पर संबंधित नगरीय एवं ग्रामीण अधिकारी, कर्मचारी आगामी दो-तीन दिवस में प्रमाणीकरण कर जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा ऐसे आयोजनों का सूचीकरण किया जाएगा।

#### जिला स्तरीय सम्मान समारोह


राज्य शासन के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि पर सभी जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनमें गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन आयोजित करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री की ओर से तैयार पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में ऐसी संस्थाओं को अन्य प्रकार से भी प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## एचपीवी वैक्सीन का जिला चिकित्सालय आगर मालवा में शुभारंभ, टीका लगाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेडा

जिले की किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय आगर-मालवा में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और विश्वास के साथ देशभर में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है।



जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार ने फीता काटकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का प्रमुख कारण एचपीवी वायरस है, जिससे बचाव के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी 2026 से जिले में 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका पूर्णतः निःशुल्क लगाया जाएगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. मनीष कुरील, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह परिहार, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर अविनाश गेहलोत, जिला वैक्सीन स्टोर कीपर जीवन नंदावत, अस्पताल प्रबंधक राहुल पंडया तथा डाटा मैनेजर शंकर बलवंतिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीकाकर्मी ज्योति रावल एवं नीलमणि किन्दों द्वारा किशोरियों को टीका लगाया गया।



## बगलामुखी की नगरी में आम हो चुका जाम, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रशासन के जिम्मेदार कितने ही दावे कर दें लेकिन नगर के अंदरूनी मार्गों पर लगने वाला जाम आम हो चुका है। वाहन चालकों के साथ नागरिक भी इस जाम से परेशान होते रहते हैं। नगर के प्रमुख मार्ग लखुंदर नदी की पुलिया से शिवाजी चौराहा तक लगभग प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर में मां बगलामुखी का मंदिर स्थित होने से यहां यातायात का दबाव काफी बढ़ चुका है। माता रानी के दर्शनार्थ आने जाने वाले दर्शनार्थियों के वाहन इसी मार्ग से आते जाते हैं ऐसे में वाहनों की संख्या थोड़ी से बढ़ने से जाम की स्थिति बन जाती है।



इसी मार्ग पर नगर का मुख्य बाजार भी स्थित है ऐसे में दुकानों पर आने वाले वाहन भी यही खड़े रहते हैं। साथ ही मार्ग के दोनों ओर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण भी जाम में सहायक बन रहा है। प्रशासन द्वारा मंदिर आने वाले वाहनों को लखुंदर नदी की पुलिया के समीप से एक बायपास के माध्यम से तीर्थ यात्री सेवा सदन की पार्किंग पर भेजने की योजना को मूर्तरूप दिया गया था एवं शिवाजी चौराहे होते हुवे इन वाहनों की वापसी करवाई जा रही थी लेकिन नगर में आने वाले वाहन तो इसी मार्ग से आते हैं साथ ही यात्री बसेस्कूली वाहन व अन्य भारी वाहन भी इसी मार्ग से आते जाते है ऐसे में इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके कारण जाम लगना आम हो चुका है। शनिवार को भी दोपहर में इस मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा जिसमे आधा घंटे से अधिक समय तक वाहन चालक व आमजन परेशान होते रहे।

### जिला स्तरीय क्लासिक सब जूनियर एवं जूनियर पावर लिफ्टिंग स्पर्धा 1 मार्च को

**सीहोर।** सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 17 से 18 अप्रैल 2026 को जबलपुर में क्लासिक जूनियर, एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित होने होने जा रही है। जिसको लेकर खिलाडिय़ों के चयन के लिए 1 मार्च को सुबह 10 बजे स्थानीय चर्च ग्राउंड के पास जिला खेल अधिकारी परिसर में खिलाड़ियों का प्रतिभानुसार चयन किया जाएगा। जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता हो वह अपने आधार कार्ड, मार्कशीट एवं जन्म प्रमाणपत्र के साथ ट्रायल स्थल पर नियत समय पर उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

## शासकीय भूमि पर उगाई गई गांजे की फसल जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर उगाई गांजे की फसल जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने 227 गांजे के पौधे जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपए है जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना नलखेड़ा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पचलाना निवासी पुरालाल पिता शंकरलाल भिलाला एवं उसके पुत्र लखन पिता पुरालाल भिलाला द्वारा लसुलड़िया गोपाल स्थित शासकीय भूमि पर जो उनके कब्जे में है गेहूं की फसल की आड़ में अवैध रूप से गांजा के पौधे उगाए गए हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। मौके पर पुलिस टीम को देखकर दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**पुलिस की अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई**



पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पुरालाल पिता शंकरलाल भिलाला उम्र 60 वर्ष एवं लखन पिता पुरालाल भिलाला उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम पचलाना बताया। खेत की तलाशी के दौरान गेहूं की फसल के बीच अवैध रूप से लगाए गए गांजा पौधे पाए गए। पुलिस द्वारा मौके से 227 छोटे-बड़े हरे पत्तेदार गांजा पौधे उखाड़कर जब्त किए गए। जिनका वजन 10.846 किलोग्राम पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपये है। पुलिस के आरोपी पुरालाल एवं लखन निवासी ग्राम पचलाना को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की विक्रय गतिविधियों एवं अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नागेश यादव सउनि दरबार सिंह जादोन सउनि डीसी भिलाला प्रधान आरक्षक शंभुसिंह जाट प्रधान आरक्षक ललित सारस्वत प्रधान आरक्षक नरेन्द्र भाटी आरक्षक पदम शाक्य आरक्षक राजेश दांगी आरक्षक अतेन्द्र आरक्षक रोड़ीलाल दांगी एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

### 19 अप्रैल से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पोस्टर का विमोचन

# समाजसेवी राठौर के विशेष प्रयासों से सीहोर में आकार ले रहा 'मिनी मेहंदीपुर बालाजी धाम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर अब एक नए और भव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर निर्मित इस दिव्य मंदिर के निर्माण में हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर की मुख्य भूमिका रही है। उनकी सक्रियता और अटूट भक्ति के प्रयासों से ही यह करोड़ों की लागत वाला भव्य मंदिर आज साकार हो सका है।

मंदिर परिसर में आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा, समिति अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, पुजारी अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



#### रुद्रप्रकाश राठौर बने निर्माण के सूत्रधार

बस स्टैंड स्थित इस प्राचीन और प्रसिद्ध हनुमान मंदिर को एक भव्य स्वरूप देने का संकल्प रुद्रप्रकाश राठौर ने लिया था। उनके नेतृत्व में समिति और क्षेत्रवासियों के सहयोग से करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का कायाकल्प किया गया है। मंदिर का निर्माण राजस्थान के विशेष पत्थरों से कराया गया है, जो इसकी भव्यता में चार चांद लगा रहे हैं। श्री राठौर ने बताया कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि वास्तुकला की दृष्टि से भी शहर की पहचान बनेगा।

**मेहंदीपुर बालाजी जैसा अनुभव :** इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा है। भक्तों की मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से संकटों का नाश होता है। नव निर्मित मंदिर में केवल हनुमान जी ही नहीं, बल्कि भगवान राम दरबार, शिव नंदी और सप्तऋषियों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन सभी प्रतिमाओं को विशेष रूप से राजस्थान के कुशल शिल्पकारों द्वारा तैयार करवाया गया है।

#### 19 अप्रैल से शुरू होगा उत्सव

समिति के अध्यक्ष श्री राठौर ने जानकारी दी कि 19 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए देश भर के प्रसिद्ध संतों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव के दौरान भव्य यज्ञ, दिव्य अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन होगा। अब सभी भक्तों को इंतजार है 19 अप्रैल का, जब इस नवनिर्मित सिद्ध हनुमान मंदिर के द्वार भव्यता के साथ आम जन के लिए खुलेंगे।

**बिजनेस साइट**

## फ्लेक्सीकैप फंड: असरदार मार्केट-प्रभावशाली इन्वेस्टिंग



**रश्मि लोंढे**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, इंदौर

**इंदौर।** इक्विटी मार्केट इकॉनमी के बैरोमीटर की तरह काम करते हैं। और इकॉनमी खुद महंगाई, ब्याज दर, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, फिस्कल पॉलिसी और सरकारी नियम-कानूनों से लेकर ग्राहक की पसंद, टेक्नोलॉजी में तरक्की, मॉनसून, जियोपॉलिटिक्स, सब्सिडी, इंपोर्ट ड्यूटी और टैक्स जैसे कई जटिल कारकों का मेल है। ये वैरिएबल लगातार बदल रहे हैं, और इनके साथ इकॉनमी और बदले में इक्विटी मार्केट भी लगातार बदल रहे हैं। मार्केट का यह प्रभावशाली नेचर इक्विटी इन्वेस्टिंग को मुश्किल बना देता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास इन वैरिएबल को लगातार ट्रैक करने और अपने पोर्टफोलियो को सक्रियता से प्रबंधित करने के लिए कम समय, विशेषज्ञता या संसाधन हैं।

ऐसे निवेशक फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। ये फंड खास इकॉनमिक वैरिएबल को ट्रैक करते हैं और इनमें बिना किसी पहले से तय मिनिमम या मैक्सिमम लिमिट के लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप बिजनेस में पूरे इकॉनमिक स्पेक्ट्रम में निवेश करने की सुविधा होती है। लार्ज कैप बिजनेस आमतौर पर वे होते हैं जिनका लंबा ट्रैक रिकॉर्ड, मजबूत बैलेंस शीट, अनुभवी मैनेजमेंट टीम और मार्केट में दबदबा होता है। मिड कैप बिजनेस उभरते हुए लीडर हैं जिनमें मार्केट शेयर ग्रोथ की ज्यादा संभावना है। स्मॉल कैप बिजनेस काफी नए हैं, उनके पास नए प्रोडक्ट और सर्विस हैं और वे तेजी से मार्केट शेयर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां लार्ज कैप बिजनेस लगातार ग्रोथ देते हैं, वहीं मिड और स्मॉल कैप बिजनेस में ज्यादा ग्रोथ की संभावना होती है। फ्लेक्सी कैप फंड के जरिए, निवेशक इकॉनमी के इन सभी सेगमेंट में एक्सपोजर पा सकते हैं।

इस तरह फ्लेक्सी कैप फंड सिर्फ इकॉनमी में हिस्सा लेना और इक्विटी मार्केट में निवेश करना आसान बनाने से कहीं ज्यादा करते हैं, वे पोर्टफोलियो मैनेजमेंट को भी आसान बनाते हैं। एक ही फंड इकॉनमी के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच दे सकता है, जिससे कई मार्केट-कैप खास फंड में निवेश करने की जरूरत खत्म हो जाती है। वही फंड मार्केट की स्थितियों, कंपनी के फंडामेंटल्स, वैल्यूएशन वगैरह के आधार पर अलग-अलग सेगमेंट में एक्सपोजर को अपने आप बदल देगा, जिससे निवेशक को इन मुश्किलों को खुद मैनेज करने से राहत मिलेगी।

इस रणनीति का एक खास उदाहरण आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड है। इस फंड में अलग-अलग मार्केट साइकिल के जरिए अच्छा निवेश अनुभव देने की क्षमता है, क्योंकि यह अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों में निवेश करने के अपने प्रभावशाली नेचर को देखते हुए ऐसा करता है। रिटर्न के मामले में, इसने एक अच्छा निवेश अनुभव दिया है, एक साल में 9.91 प्रतिशत, तीन साल में 18.93 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 जनवरी, 2026 तक 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ



**चापडा।** सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में शनिवार को मेडिस्टा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल इंदौर की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें श्याम नगर चापड़ा के सैकड़ो व्यक्तियों ने आकर अपनी जांच करवाई एवं निःशुल्क दवा का वितरण हुआ। चिकित्सकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सांवलिया एवं आचार्य शुभम कलेशरिया ने किया। शिविर में मस्तिष्क, कैंसर और पेट रोग सहित अन्य रोगो का इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविर के समापन में चिकित्सकों के सम्मान में विद्यालय के लेखपाल पूजा प्रजापत, विद्या नारोलिया, स्वाति जाट द्वारा सभी डॉक्टरों को सम्मान स्वरूप प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। आभार प्रधानाचार्य विजय सांवलिया ने माना।

### विधायक शर्मा ने की कार्यकर्ताओं से मुलाकात



**चापडा।** खातेगांव विधायक आशीष शर्मा शनिवार दोपहर चापडा पहुंचे। नेमावर रोड़ पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा शर्मा का स्वागत किया गया। शर्मा चापड़ा से गुजर रहे थे इस दौरान नेमावर रोड पर कार्यकर्ताओं के पास रुककर उनसे मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ता रोहन वैष्णव,दीनदयाल वैष्णव, राहुल परमार,पिंटू सेंधव,प्रतिक वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

### फूलों और गुलाल से मनाया फाग उत्सव

**देवास।** महावीर नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को फाग उत्सव मनाया गया। राजेश बैरागी, मयंक विश्वकर्मा और टीम के भजनों के बीच महिलाओं ने खाटूश्याम भजनों का आनंद लिया। फाग गीतों और भजनों के साथ जमकर फूलों और गुलाल से होली खेली। एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। वरिष्ठजनों से आशीर्वाद लिया। राधा और कृष्ण के रूप में बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे।

### शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों पर किए अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई की

# कैलादेवी मार्ग और आसपास के क्षेत्र में कार्रवाई की, ठेला-दुकानों का सामान जब्त

दुकानों के सामने से कच्चे-पक्के कब्जे हटाए, एक बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर पर 10 हजार का जुर्माना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की टीम ने शनिवार को कैलादेवी मार्ग और आसपास के क्षेत्र में सख्त कार्रवाई करते हुए अस्थाई अतिक्रमण हटाया। सड़क पर किए गए कच्चे-पक्के कब्जों को हटाने के साथ ही कई दुकानों के सामने रखी सामग्री जब्त की गई। इस दौरान एक बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की दुकान पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का चालान भी बनाया गया।नगर निगम के अनुसार शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों पर व्यवसायियों द्वारा लगातार अस्थाई अतिक्रमण किया जा रहा था, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निगम द्वारा पहले भी कई बार समझाइश दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद दुकानदार अपनी दुकानों की सीमा से आगे सड़क तक सामान रखकर व्यवसाय कर रहे थे।इसी के चलते निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम अमले ने कैलादेवी मार्ग स्थित केला माता मंदिर के मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की। यहां छोटे और बड़े दोनों तरह के व्यवसायियों द्वारा सड़क पर ठेले लगाकर और दुकानों के सामने सामग्री फैलाकर अतिक्रमण किया गया था।निगम ने बताया कि छोटे व्यवसायियों को पहले ही शारदा माता मंदिर के पीछे निगम की खाली भूमि पर अपना व्यवसाय संचालित करने के लिए कहा गया था, लेकिन कई ठेला संचालक सड़क पर ही अतिक्रमण कर व्यवसाय कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान ठेलों और दुकानों के सामने रखी सामग्री हटाकर कुछ सामान जब्त भी किया गया।कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने सामान जब्त किए जाने का विरोध किया, लेकिन निगम अमले ने सख्ती बरतते हुए कार्रवाई जारी रखी और लोगों को समझाकर पीछे किया। वहीं स्थानीय लोगों ने निगम पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्रवाई में केवल गरीबों को निशाना बनाया गया है।नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अस्थाई अतिक्रमण के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा था, इसलिए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जब्त सामग्री को निगम द्वारा नियमानुसार राजसात किया गया है और उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुसार आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाई के दौरान निगम के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, संदीप, विजय, अनूप सांगते, दरोगा अबरार पठान सहित



रिमूवल गैंग मौजूद रहा। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए सामग्री जब्त की जाएगी।

# सड़कों पर अंधी गति से दौड़ रहीं यात्री बसें, बन रहीं हादसों का कारण

### स्थानीय युवाओं में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे मार्ग पर अंध गति से दौड़ने वाली यात्री बसें हादसों का कारण बनती दिखाई दे रही है। शनिवार दोपहर एक बार फिर अंध गति हादसे का कारण बनी है। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

जानकारी अनुसार इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर ग्राम अमरपुरा के समीप कन्नौद की ओर से अंध गति से आ रही एक यात्री बस ने सामने से आ रही बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे गिर गई, हादसे में एक व्यक्ति व महिला को चोट आई।घायल वीरेंद्र सेंधव ने बताया कि यादव ट्रेवल्स की यात्री बस जो कन्नौद की ओर से अंध गति से आ रही थी, जिसकी टक्कर से वह सड़क किनारे गिर गए। घटना कि जानकारी चापडा के युवाओं को मिली तो उन्होंने उक्त यात्री बस को चापडा में रुककर नाराज की व्यक्त की। घायल व्दारा घटना की जानकारी 112 पर दी गई। सूचना मिलने पर प्रभारी मौके पर पहुंचे और बस को पुलिस चौकी पर ले जाया गया। वर्तमान में इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर चापडा से बिजवाड़ तक पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है, कई बार हादसों का कारण गड्ढे भी बन कर सामने आ रहे हैं। वर्तमान में इस मार्ग का मेंटेनेंस का कार्य श्रीजी कंपनी को दिया हुआ है, लेकिन कंपनी की मनमानी के आगे किसी की नहीं चल पा रही है। दीनदयाल वैष्णव, प्रतिक वैष्णव ,मंतोष सैनी आदि ने बताया कि पूरा मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गया है, जिसके कारण हादसे हो रहे हैं।

भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने बताया कि मार्ग पर स्थित गड्ढों को लेकर पूर्व में सांसद, कलेक्टर, कमिश्नर व श्रीजी कंपनी ,एन एच ए आई विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक गड्ढों की समस्या हल नहीं हो पाई है। चौकी प्रभारी राकेश चौहान ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।

### मधुमक्खियों का माता टेकरी पर हमला, 7 लोग घायल



**देवास।** माता टेकरी स्थित छोटी माता चामुंडा मंदिर के पास शनिवार दोपहर करीब 3.30 बजे अचानक मधुमक्खियों के हमले से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे तीन श्रद्धालु और वहां तैनात चार स्टाफ सदस्य घायल हो गए। घायलों में महू निवासी सीमा कोठारी (43), इंदौर निवासी विनिता प्रसाद (65) और आयुष कोठारी (21) शामिल हैं। इसके अलावा माता टेकरी पर तैनात दो पुलिसकर्मी और एक महिला गार्ड सहित एक अन्य को भी मधुमक्खियों ने काटा।प्रत्यक्षदर्शी दर्शनार्थियों ने बताया कि पहले एक मधुमक्खी ने हमला किया, इसके कुछ ही देर बाद बड़ी संख्या में मधुमक्खियां वहां पहुंच गईं और परिसर में मौजूद लोगों पर लगातार हमला करने लगीं। अचानक हुए हमले से मंदिर परिसर में भगदड़ जैसे हालात बन गए और श्रद्धालु इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल देवास ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर है। मां चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति के प्रभारी कपिल गुर्जर ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीन दर्शनार्थी और टेकरी के चार स्टाफ सदस्य घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही वे जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार की व्यवस्था करवाई। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग के डिप्टी रेंजर के निर्देशन में माता टेकरी परिसर में मौजूद मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# नानूखेड़ी और रणायर गाडरी के मंदिर पहुंचे गोठड़ा में भविष्यवाणी करने वाले पंडाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खाचरोद तहसील में गोठड़ा माताजी के रूप में भविष्यवाणी करने वाले पंडा नागूलालजी शनिवार को देवास जिले के नानूखेड़ी व रणायर गाडरी गांव पहुंचे। नानूखेड़ी गांव में माता मंदिर पहुंचे। यहां दर्शन-पूजन किया। उनके साथ सीताराम दास महाराज भी थे।

ग्रामीणों ने भक्तिभाव से अगवानी की। यहां धर्म-अध्यात्म पर चर्चा की। बताया कि किस तरह भविष्यवाणी का यह सिलसिला पीढ़ियों से चल रहा है। भक्त और




भगवान के बीच आस्था और विश्वास का संबंध होता है। अगर विश्वास नहीं है तो आस्था व्यर्थ हो जाती है। इसलिए प्रत्येक सनातनी को प्रतिदिन गांव अथवा नगर के मंदिर में जाना चाहिए। परिवार में ऐसा वातावरण बनना चाहिए जिससे ईश्वर से जुड़ाव हो। नानूखेड़ी मंदिर में माता का पूजन करने के बाद रणायर गाडरी गांव पहुंचे। यहां चोटिलावाली चामुंडा माता और भैरव मंदिर है, जिसकी स्थापना सीताराम दास महाराज ने की थी। पप्पू पटेल ने बताया कि नागूलाल जी पंडा काफी देर यहां रूके और मंदिर में पूजन किया। नवरात्र में मंदिर में विशेष आयोजन होते हैं। आसपास के गांवों के सैकड़ों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

# टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में भारत शासन आदेश अनुसार शनिवार को 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचने हेतु मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर के द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया ।

इस अवसर पर डॉ. नागर ने बताया कि एचपीवी का पूरा नाम ह्यूमन पैपिलोमावायरस है, और एचपीवी वैक्सीन को वायरस के सबसे खतरनाक स्ट्रेन से सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे कैंसर का खतरा काफी कम हो जाता है। लगभग सभी गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर




एचपीवी के कारण होते हैं। यह टीका प्रतिदिन हाटपिपल्या एवं बागली मे लगाया जाएगा । टीकाकरण सत्र में प्रथम टीका बालिका हरलीन पिता अमरदीप भाटिया को लगाया गया। इस अवसर पर, डॉ. दिनेश सोलंकी बीईई आरएस चौहान, बीपीएम रतनसिंह जामले, बीसीएम यतींद्र बैरागी, सेक्टर सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल, चित्रा कौशल, रेखा नागर, प्रेम वास्केल, मंजू वास्केल, सन्दीप सिसोदिया, राजेश यादव, अनिल जोशी, मेहरु सिंह, सुरेश वाजपेई उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने सतवास में राजस्व समीक्षा बैठक ली



**कांटाफोड़।** सतवास स्थित नर्मदा किनारे किटी फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में शुक्रवार को जिला स्तरीय राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने की, जिसमें नामांतरण, बंटवारा और लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि "संकल्प से समाधान अभियान" के तहत प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लंबित मामलों की अलग से समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फतेहगढ़ घाट क्षेत्र में रेत से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर भी सख्त कार्रवाई के संकेत दिए गए। बैठक में निगम आयुक्त दलीप कुमार सहित एसडीएम, तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने किटी घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किटी घाट पर बोट सवारी का आनंद भी लिया तथा स्थानीय पर्यटन संभावनाओं पर चर्चा की।

# भगोरिया पर्व में ढोल मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए महिला-पुरुष

हरिभूमि न्यूज ⏭ काटाफोड़



क्षेत्र में आज भी परम्परागत भगोरिया पर्व उत्सव से मनाया जा रहा है। नगर में प्रतिवर्ष की ही तरह इस वर्ष भी शुक्रवार हाट बाजार के दिन भगौरिया पर्व मनाया गया। पर्व में सर्व प्रथम ढ़ोलो का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।मांदल की थाप पर युवाओं ने थिरकते हुए आनन्द लिया। बाजार में पर्व पर गुड की जलेबी भजिए की अधिक मात्रा में बिक्री हुई। ढोल मांदर की थाप पर नाचते गाते और सज संवर कर भगोरिया में बन ठन युवा पहुंचे और अपने परम्परागत नृत्य के साथ जलेबी का आनंद लिया। आदिवासी युवक युवतितो में इस बार सेल्फी का चलन भी खूब देखने को मिल रहा है। पारंपरिक आभूषण से सज्जित युवक-युवतियां मस्ती के माहौल में कुर्राटिया मारते हुए दिखाई दिए। रात्रि के समय गांधी चौराहे पर समाजसेवी लेपसिंह पंवार के द्वारा पान कैंटीग लगाकर सभी मित्रों को पान खिलाया गया।परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, शोभाराम कर्मा, सीताराम अचाले के द्वारा साफा श्री फल भेंट कर रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

### रंगपंचमी पर भव्य रूप से निकालेंगे श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा

# सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में होगा आयोजन






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 8 मार्च 2026, रविवार (रंगपंचमी) को श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी निमित्त 27 फरवरी 2026 को सभी समाजों के प्रमुखों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति की वृहद बैठक आयोजित की गई।बैठक में मंचासीन अतिथियों में विमल अग्रवाल (देवास जिला माननीय संघचालक), कन्हैयालाल विश्वकर्मा (देवास विभाग समरसता सह-संयोजक), अमरदेव ठाकुर (देवास जिला समरसता संयोजक) एवं रामपदारथ मिश्र (सामाजिक समरसता मंच जिला प्रमुख) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य वक्ता कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत उत्सवों का देश है और हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित सभी त्योहार पूर्णतः वैज्ञानिक आधार पर आधारित हैं। वर्तमान समय में हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति एवं त्योहारों से जोड़ना चाहिए। आज विश्व भारत की परंपरा, संस्कृति और संस्कारों को अपनाने की ओर अग्रसर है, ऐसे में हमें स्वयं अपने उत्सवों को पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ मनाना चाहिए।रामपदारथ मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा जवाहर चौक (चित्तौड़गढ़ महाराणा प्रताप) से प्रारंभ होकर नयापुरा, जनता बैंक चौराहा एवं सुभाष चौक से होते हुए सायाजी द्वार (संत शिरोमणि रविदास कुटी, काशी धाम) पर समापन होगी। यात्रा में भगोरिया एवं पंजाबी भांगड़ा टोली विशेष आकर्षण रहेंगे। बैठक में उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों एवं मातृशक्ति द्वारा यात्रा के सफल आयोजन हेतु अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

# किड्ज़ पैलेस स्कूल में धूमधाम से होली महोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के किड्ज़ पैलेस स्कूल चापड़ा में होली महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगों के इस पावन पर्व को उत्साह के साथ मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत फाग उत्सव से हुई, जिसमें बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। इसके पश्चात विधि-विधान से होलिका पूजन किया गया और होलिका दहन संपन्न हुआ। विद्यालय संचालक राहुल सेंधव ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए होली के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे होली के पारंपरिक गीतों पर झूमते नजर आए। सभी बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ मिलकर गुलाल लगाकर होली खेली।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** जिले में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मदनपुर थाना पुलिस ने शनिवार को दो लंबे समय से वांछित वारंटियों को गिरफ्तार करनेमेंसफलताप्राप्त कीहै। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में वांछित और वारंटी अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में मदनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में दबिश दी गई। मदनपुर थानाध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गोराखुर्द में कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को धर दबोचा। पकड़े वारंटियों में ग्राम गोराखुर्द निवासी हरप्रसाद व जमना पुत्र स्व. पुनु पाल बताये गये हैं।

### दिल्ली में भंडारे की तैयारी, सहयोग मांगा

**ललितपुर।** श्री शिव सेवक दिल्ली द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ललितपुर से धर्मेंद्र, शुभम और हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया के नेतृत्व में सहयोग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष विभिन्न सेवादारों के सहयोग से लगभग पांच लाख रुपये से अधिक की राशि दिल्ली भेजी गई थी। इस वर्ष भी मुख्य सेवादार हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया ने ललितपुर जनपद की जनता से अपील की है कि वह स्वेच्छा से दान राशि देकर पुण्य अर्जित करें और इस धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भंडारे में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और सेवा का लाभ उठाते हैं। अब तक ललितपुर से गणेशाराम चौरसिया, राजकुमार साहू, सुनील मालवीय, राजा भैया, हर देनिया, आशु, संजीव भरे खटीक, मुकेश राठौर, अंतिम त्यागी, रामरतन शर्मा, मनीष शर्मा, संजीव आकाश, प्रमोद चौरसिया, संदीप शर्मा, राजेंद्र राजपूत, रामदास डोड, बानी अजमेरी, दारा सिंह संभल ग्वाला, अभिषेक निरंजन, भूपेंद्र, दीपेश, राजेंद्र राजपूत, भारत चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, लक्ष्मी नारायण, पीतांबर ज्वेलर्स तथा कुशल गुप्ता के माध्यम से सहयोग प्राप्त हो चुका है। मुख्य सेवादार हरिमोहन ने बताया कि इस वर्ष भी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विशाल भंडारे में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर सेवा और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।

### वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वार्षिकोत्सव ष्उमंगष के अंतर्गत तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोज न किया गया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों और बस स्टैंड का निरीक्षण किया

# बस स्टैंड की प्याऊ और शौचालय में गंदगी मिली, सफाई के निर्देश

### वार्डों में पाइप लाइन का काम जल्द पूरा करने की मोहलत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर



नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने शनिवार को पालिका टीम और जल निगम के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता जांची और जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

#### वार्ड नं. 5 व 11 में पाइप लाइन और सड़कों का बुरा हाल

अध्यक्ष ने वार्ड संख्या 5 (झांसीपुरा) और वार्ड संख्या 11 (सिविल लाइन तृतीय) का भ्रमण किया। झांसीपुरा में माता मंदिर के पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मोती मंदिर मार्ग पर जल निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे मिले। मोहल्लेवासियों ने शिकायत की कि कई दिनों से गड्ढे न भरे जाने के कारण आवागमन बाधित है और पेयजल की भारी किल्लत है। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जल निगम के अधिकारियों को होली पर्व के तत्काल बाद सड़क मरम्मत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 मार्च तक पाइप लाइन डालने का कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

#### बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव

होली के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए अध्यक्ष ने बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। यात्रियों ने बताया कि प्रतीक्षालय में पंखे नहीं हैं और शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। मौके पर अध्यक्ष ने प्रतीक्षालय में तत्काल नए पंखे और लाइट लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही, बस स्टैंड पर स्थित प्याऊ में गंदगी देख उन्होंने सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई और पानी की टंकी की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

#### पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया

निरीक्षण के दौरान वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी समस्याओं को रखा। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि शहर के विकास और जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जैन विश्व भारती में कार्यशाला

# संस्कृत को जनसुलभ और व्यावहारिक बनाने पर जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के प्राकृत एवं संस्कृत विभाग द्वारा सरल मानक संस्कृतम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा को उसके प्राचीन स्वरूप से निकाल कर सरल, व्यावहारिक और जन सुलभ बनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करना था। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. जिनेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि संस्कृत मात्र एक प्राचीन भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, दर्शन और महान ज्ञान परंपरा की मूल आधारशिला है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी के लिए संस्कृत को संवाद योग्य और उपयोगी बनाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्य अतिथि श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. दिनेश कुमार यादव ने संस्कृत के वैश्विक महत्व और इसके शैक्षणिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस कार्यशाला को मानकीकृत संस्कृत शिक्षण की दिशा में एक अत्यंत उपयोगी पहल बताया। विशिष्ट अतिथि एनसीईआरटी नई दिल्ली के डा.देवकीनंदन शर्मा ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संस्कृत को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखकर बोलचाल की भाषा के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।वरिष्ठ प्रो.दामोदर शास्त्री ने रोचक उदाहरणों के माध्यम से सरल संस्कृत के प्रयोगों को स्पष्ट किया। वहीं, राजस्थान संस्कृत अकादमी की पूर्व अध्यक्षा सुषमा सिंघवी ने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वह संस्कृत को अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में अपनाकर इसके संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं। संचालन डा. सब्यसाची सारंगी ने किया, जबकि डा. सत्यनारायण भारद्वाज ने आभार जताया।

## गौरवशाली 52 वर्ष

# 1 मार्च 1974 को तुवन मंदिर मैदान से की थी घोषणा, आज मनेगा स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

बुन्देलखण्ड के हृदय स्थल ललितपुर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। आज से ठीक 51 वर्ष पूर्व, 1 मार्च 1974 को ललितपुर को पृथक जनपद का दर्जा मिला था। स्थापना के 52वें वर्ष में प्रवेश करने पर समूचे जनपद में हर्ष का माहौल है और लोग उस ऐतिहासिक पल को याद कर रहे हैं जब ललितपुर की तकदीर बदली थी। वरिष्ठ स्तंभकार सिद्धार्थ शर्मा के अनुसार जिला निर्माण की गाथा 1 मार्च 1974 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन यशस्वी मुख्यमंत्री स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा के आगमन के साथ शुरू हुई थी।

ललितपुर के श्रीतुवन मंदिर मैदान पर एक विशाल आमसभा आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्व. पं. रामनारायण शर्मा कर रहे थे। इसी मंच से जब ललितपुर को जिला बनाने की पुरजोर मांग उठी, तो मुख्यमंत्री बहुगुणा ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मंच से ही घोषणा की। आज से आप लोग जिला ललितपुर लिखना शुरू कर दो, मैं आज से ललितपुर को जिला घोषित करता हूँ। आज मैं बोल करके जा रहा हूँ, उस दौर के गवाह बताते हैं कि मुख्यमंत्री बहुगुणा ने खेल की शब्दावली का प्रयोग करते हुए स्व. रामनारायण शर्मा को संबोधित कर कहा था कि शर्माजी, हॉकी के खेल की तरह अन्य लोग डी तक तो गेंद लेकर आते थे परंतु गोल नहीं कर पाते थे, आज मैं गोल करके जा रहा हूँ। उनकी इस घोषणा के साथ ही पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। घोषणा के बाद 13 मार्च 1974 को ललितपुर जिला आधिकारिक रूप से क्रियान्वित हुआ। तत्कालीन जॉइंट मजिस्ट्रेट रवि माथुर को ललितपुर के पहले जिलाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इस पूरे घटनाक्रम और जिला निर्माण की विस्तृत गाथा को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं युवक कांग्रेस के पहले जिलाध्यक्ष अशोक रिछारिया ने भी ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ संजोया है। आज ललितपुर अपनी विकास यात्रा के 52वें साल में कदम रख रहा है। इस खास मौके पर जनपदवासियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए उन विभूतियों को याद किया जिनके संघर्षों से यह जिला अस्तित्व में आया।

# कर्नाटक संपर्क क्रांति में जेबकतरे ने यात्री के 13,500 रुपए उड़ाए

**ललितपुर।** रेल यात्रा के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के सामान और नकदी पर हाथ साफ करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। ताजा मामला झांसी-मिरज रेल मार्ग पर चलने वाली चंडीगढ़-यशवंतपुर कर्नाटक संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस (22686) से सामने आया है, जहां एक यात्री की जेब से अज्ञात उचक्के ने 13,500 रुपये की नकदी उड़ादी। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्रके कोल्हापुर निवासी राजेश मिश्रा अपने परिवार के साथ झांसी से मिरज की यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि वह ट्रेन की जनरल बोगी में सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने चलती ट्रेन में वेंडर से चाय ली और पैसे चुकाए, उस वक्त उनके पास नकदी सुरक्षित थी। लेकिन कुछ ही देर बाद जब उन्होंने अपनी जेब चेक की, तो उनके होश उड़ गए। उनकी पैंट की जेब में रखे 500-500 रुपये के कुल 27 नोट (कुल 13,500 रुपये) गायब थे। पीड़ित राजेश मिश्रा के मुताबिक, जनरल बोगी में यात्रियों की भारी भीड़ थी, जिसके कारण वह पूरी यात्रा के दौरान खड़े होकर सफर कर रहे थे। इसी भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने बड़ी सफाई से उनकी जेब काट ली। चोरी का अहसास होने पर उन्होंने कोच में नीचे तलाश की और आसपास के यात्रियों से भी पूछताछ की, लेकिन रुपयों का कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी ललितपुर ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आरएमवी कॉलोनी के पास की घटना

# दबंगों ने दुकानदार को पीटा



**ललितपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत आरएमवी कॉलोनी कट पर एक दुकानदार के साथ मारपीट और तोड़फ़ोड़ का मामला सामने आया है। दबंगों ने न केवल पीड़ित के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, बल्कि साक्ष्य मिटाने की नीयत से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित मोहल्ला रावतयाना निवासी रोहित यादव पुत्र राजेंद्र सिंह यादवने बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी क्षेत्र के कुछ नामजद युवक अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। जब रोहित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।घटना के दौरान आरोपियों ने दुकान में तोडफ़ोड़ की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर को तोड़ दिया ताकि हमले की कोई फुटेज रिकॉर्ड न हो सके। पीड़ित के मुताबिक, उसका डीवीआर भी मौके से गायब है। मारपीट के शोरगुल के बीच जब पीड़ित के पिता वहां पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर ग्राम खोंखरा निवासी मुकुन्द सिंह पुत्र नाहर सिंह, खोंखरा निवासी बॉबी राजा पुत्र शेर सिंह, मोहल्ला चौबयाना निवासी बब्बू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह, खिरिया छतारा निवासी बड़े राजा पुत्र राजाराम, मोहल्ला चौबयाना निवासी बुद्ध सिंह और अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# लायंस क्लब ने डॉ. यशपाल का सम्मान किया



**ललितपुर।** लायंस क्लब ललितपुर गर्व द्वारा न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ डा. यशपाल सिंह बुंदेला (डायरेक्टर, न्यूरो सर्जरी, मेदांता हॉस्पिटल नोएडा) को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। डा.बुंदेला प्रतिमाह के चौथे शुक्रवार को नोएडा से ललितपुर आकर नदीपुरा स्थित अस्पताल में मरीजों को अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को उन्नत न्यूरो चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही है। क्लब पदाधिकारियों ने उनके इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान डा.बुंदेला ने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में लायंस क्लब ललितपुर गर्व के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर्ड अध्यक्ष संजय जैन रिंकू, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र जैन टिंकू, सचिव जितेंद्र शर्मा जीतू, अमित लिंकन एवं प्रभात चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में वांछित दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर




पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार थाना बानपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 32/2026, धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त ग्राम वीर निवासी अतीश उर्फ कृष्णकांत पुत्र अमोद पाल एवं अमोद पाल पुत्र जानकी प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वांछितों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक विपिन डेडा शामिल रहे।

## तहसील से पावर हब तक, आधी सदी का साक्षी बना देवगढ़ की गोद में बसा ललितपुर

# 83 वर्षों की प्रतीक्षा, 52 वर्षों की विकास यात्रा, अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

1 मार्च 2026 को ललितपुर अपना 52वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह अवसर केवल एक प्रशासनिक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उस जनभावना, संघर्ष और धैर्य का प्रतीक है जिसने 83 वर्षों तक तहसील से जिला बनने की लड़ाई लड़ी। 1891 में ब्रिटिश शासन द्वारा तहसील का दर्जा मिलने के बाद भी ललितपुर लंबे समय तक झांसी जनपद का हिस्सा रहा।

स्वतंत्रता के बाद जनआंदोलनों और क्षेत्रीय अस्मिता की मांग ने जोर पकड़ा और अंततः 1 मार्च 1974 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा ने तुवन मैदान से ललितपुर को जिला घोषित किया। ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक गौरवललितपुर का नामकरण रानी ललिता देवी के नाम से जुड़ा है। किंवदंती के अनुसार महाराज सुम्मेर सिंह यहाँ स्थित तालाब में स्नान कर रोगमुक्त हुए और उसी के बाद इस क्षेत्र को रानी ललिता के सम्मान में ललितपुर कहा गया। यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि राजसी परंपरा, लोककथाओं और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। प्रशासनिक विस्तार से बदली तस्वीर1974 में सीमित प्रशासनिक ढांचे से शुरू हुआ यह जिला आज 5 तहसीलों —ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, मड़ावरा और पाली — तथा 6 विकास खंडों में विस्तृत है। जिला बनने के बाद सरकारी कार्यालयों, न्यायिक व्यवस्थाओं, शिक्षा संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थापना ने स्थानीय लोगों को झांसी या अन्य शहरों पर निर्भरता से काफी हद तक मुक्त किया। इससे क्षेत्रीय प्रशासनिक सशक्तीकरण हुआ और निर्णय प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर तेज हुई। कनेक्टिविटीः पिछड़े कोने से राष्ट्रीय कॉरिडोर तककभी प्रदेश का अंतिम छोर कहे जाने वाला ललितपुर आज एनएच-44 और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़कर उत्तर-दक्षिण आर्थिक गलियारे का हिस्सा बन चुका है। बेहतर सड़क संपर्क ने कृषि उत्पादों, खनिजों और ऊर्जा आपूर्ति को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया। आने वाले वर्षों में यह कनेक्टिविटी औद्योगिक निवेश के लिए सबसे बड़ा आधार साबित हो सकती है।

### जल प्रबंधन

सूखे से जल-सरप्लस तकराजघाट, माताटीला, गोविंद सागर, जामनी और रोहिणी जैसे बांधों ने ललितपुर को बांधों का जिला बना दिया। बुंदेलखंड जो कभी सूखे के लिए बदनाम था, वहीं ललितपुर ने जल प्रबंधन के माध्यम से सिंचाई क्षमता बढ़ाकर कृषि उत्पादन में स्थिरता लाई। दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि ने किसानों की आय में सुधार किया। हालांकि भविष्य की चुनौती यह है कि जल संरक्षण और भूजल स्तर के संतुलन को बनाए रखने के लिए माइक्रो-इरिगेशन और ड्रिप तकनीक को और बढ़ावा दिया जाए। ऊर्जा हब के रूप में पहचान 1980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना ने ललितपुर को ऊर्जा मानचित्र पर स्थापित किया है। विद्युत उत्पादन ने न केवल राजस्व बढ़ाया, बल्कि जिले को औद्योगिक निवेश के लिए आकर्षक बनाया।अब आवश्यकता है कि ऊर्जा आधारित उद्योग, जैसे—फूड प्रोसेसिंग, सीमेंट, और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट—स्थापित कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए।

### खनिज संपदा

अवसर और संतुलनग्रेनाइट और रॉक फॉस्फेट की खदानों ने आर्थिक गतिविधियों को गति दी है।खनन से राजस्व और रोजगार बढ़ा, लेकिन पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। भविष्य की रणनीति में सस्टेनेबल माइनिंग और हरित पुनर्वास नीति को प्राथमिकता देना होगा।



### पर्यटन

अतीत से भविष्य की ओर, देवगढ़ का दशावतार मंदिर, जैन मंदिर समूह, महावीर स्वामी अभयारण्य, नीलकंठेश्वर मंदिर, तुवन सरकार जैसे स्थल ललितपुर को धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन का केंद्र बनाते हैं।यदि बुनियादी सुविधाओं, होटलों और प्रचार-प्रसार को बेहतर किया जाए तो ललितपुर बुंदेलखंड का प्रमुख पर्यटन सर्किट बन सकता है। इससे स्थानीय हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। चुनौतियाँ अभी बाकी हैंमड़ावरा और महरौनी जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक पिछड़ापन,युवाओं का पलायन,कौशल विकास संस्थानों की कमी,स्वास्थ्य सेवाओं का ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित पहुंच।

### समाधान की दिशा

प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क और बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल अथॉरिटी का विस्तार यदि समयबद्ध तरीके से लागू होता है, तो अगले 10 वर्षों में ललितपुर रोजगार के नए अवसरों का केंद्र बन सकता है।साथ ही, कौशल विकास केंद्रों और स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं पर विशेष ध्यान देना होगा। संघर्ष से स्वाभिमान तक ललितपुर की 52 वर्ष की यात्रा बताती है कि संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्रबंधन और इच्छाशक्ति की जरूरत होती है।यह जिला आज पावर और वाटर हब की पहचान बना चुका है, लेकिन अगला लक्ष्य होना चाहिए। रोजगार और पर्यटन हब बनना।स्थापना दिवस केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीति तय करने का अवसर है। ललितपुर का अगला दशक विकास, संतुलन और आत्मनिर्भरता का दशक हो। 52वें स्थापना दिवस पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं!

### एस्टीमेट तैयार कर जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए

# कचरा कलेक्शन में लापरवाही करने पर वाहन चालक बर्खास्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सुबह वार्ड क्रमांक 19, 20 और 22 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड 19 के कचरा वाहन चालक को तत्काल सेवा से हटाने के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 19 के बलवंत नगर में निवासियों ने सीएमओ से शिकायत की थी कि कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं आ रहा है, जिससे गंदगी पैर पसार रही है। इस पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन चालक को हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि कचरा कलेक्शन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एजेंसी के प्रतिनिधि को भी सख्त हिदायत दी गई कि सभी वाहन दुरुस्त रहें और हर घर से कचरा उठना सुनिश्चित हो।

#### सफाई अमले और दरोगाओं को चेतावनी

प्रभारी सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि स्वच्छता अमले का मुख्य कार्य शहर को साफ रखना है और प्रशासन उनकी हर जायज मांग पूरी करता है। उन्होंने सफाई दरोगाओं और मेट को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सफाई व्यवस्था में व्यवधान मिला, तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### वार्डों में निर्माण कार्य होंगे

वार्ड 19 के कुशमौदा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पार्षद अजब बाई लोधा ने निर्माण कार्यों की आवश्यकता से अवगत कराया। सीएमओ ने मौके पर ही उपयंत्री रामवीर शर्मा को एस्टीमेट तैयार कर जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अमित आर्य, राजेश सिलवट और सिद्धिविनायक टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शुक्रवार को सारंगपुर में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कथित 'मोदी-एपस्टाइन कनेक्शन' को लेकर पर्चे उड़ाए और नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017 के एक कथित ईमेल में अमेरिकी वित्तीय अपराधी जैफरी ऐप्सटेन ने यह दावा किया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा को लेकर सलाह दी थी। युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि ऐसा कोई संदर्भ सामने आया है तो इसकी सच्चाई स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि जनता के मन में किसी प्रकार का संशय न रहे। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से इन दावों को पहले ही निराधार और बकवास बताया जा चुका है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता आवश्यक है और किसी भी प्रकार की शंका को दूर करने के लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण या जांच जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकती। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मार्च के अवकाश दिवसों में भी होंगी रजिस्ट्रियां

**राजगढ़।** राजस्व की दृष्टि से मार्च का महीना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में जिले सहित प्रदेश के आमजनों के दस्तावेजों के पंजीयन/रजिस्ट्री कार्य में अधिक सुविधा देने आगामी मार्च माह में अवकाश के दिनों भी जिला पंजीयक एवं उप-पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन के निर्देशानुसार शासन के राजस्व के दृष्टिगत मार्च महीने में होली के अवकाश को छोड़कर शेष समस्त अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में समस्त जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

### भारत-ओमन में था मैच

# सोहेल मंसूरी ने दुबई में जीता सेस्टोबॉल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बहुदा प्रतिभाएं छोटे अंचलों से ज्यादा सामने निकलकर आती हैं। इस उक्ति को जिले के छोटे से गांव झाड़मऊ निवासी सोहेल पिता मुमताज मंसूरी ने एक बार फिर से चरितार्थ करके दिखाया है। सोहेल ने गत दिवस दुबई में खेली गई अंतराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जीत का खिताब अपने नाम किया है।

जानकारी के अनुसार दुबई में 12 से 17 फरवरी के मध्य आयोजित हुई अंतराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में सोहेल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला भारत एवं ओमान के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सोहेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करते हुए पूरे देश का मान बढ़ाया। सोहेल की इस उपलब्धि की खबर झाड़मऊ में पहुंचने पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने ढोल-ढमाकों और मिठाई बांटकर अपनी खुशियों का इजहार किया।

# 11 क्विंटल फूलों से मंदिर और 51 किलो से सजे खाटू श्याम

### रंगभरी एकादशी के अवसर पर फाग उत्सव की रही धूम, भक्तों ने उड़ाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी के अवसर पर फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर करीब 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। रंगभरी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम को रंग गुलाल लगाया। श्रद्धालुओं को भी गुलाल लगाकर उत्सव मनाया गया। भक्ति संगीत और भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमते और नाचते नजर आए। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को दिल्ली और इंदौर से मंगवाए गए करीब 11 क्विंटल ताजे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। इसके साथ ही इंदौर से लाई गई आकर्षक आर्टिफिशियल फुलवारी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और भव्य सजावट से मंदिर परिसर को आकर्षक रूप दिया गया था। श्रद्धालु बाबा श्याम के सुसज्जित दरबार और दिव्य श्रृंगार की एक झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए। दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम चलता रहा। दोपहर आरती के समय मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। नगर सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचे।

#### निशान यात्राएं निकाली गई

इस अवसर पर शहर के कई गांवों और मोहल्लों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

#### पुलिस बल रहा तैनात संभाली यातायात व्यवस्था

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।पूरे दिन चला यह आयोजन भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा और नगर के लिए यादगार बन गया। रंगभरी एकादशी, जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, पर बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब उमड़ा।

### हो रहा था पुताई कार्य

# निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग से गिरा मजदूर, रेफर



**राजगढ़।** मुख्यालय पर सीएम राइज स्कूल के नवीन भवन का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। शुक्रवार शाम को भवन की पुताई का काम कर रहा रायसेन जिला निवासी एक मजदूर बिल्डिंग से सीधे नीचे आ गिरा। साथी कर्मियों द्वारा घायल मजदूर को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया गया।

आपको बता दें की पीआईयू विभाग द्वारा स्थानीय संकट मोचन बडली क्षेत्र में सीएम राईज स्कूल भवन का कार्य निर्धारित एजेंसी द्वारा करवाया जा रहा है। भवन का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है एवं पुताई इत्यादि का कार्य चल रहा है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उक्त भवन में पुताई कर रहा मजदूर राजू पिता गजराज उम्र 36 वर्ष निवासी ईंटखेड़ी, जिला रायसेन भवन की पहली मंजिल से सीधा जमीन पर आ गिरा जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद साथी मजदूरों द्वारा घायल राजू को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्तिथि देख घायल मजदूर को रेफर कर दिया। भवन पुताई का कार्य पेटी कंट्रेट पर लेने वाले ठेकेदार ने बताया की मुख्य कंपनी ने सभी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवा रखे हैं पर लेबर लापरवाही करते हुए उनका इस्तेमाल नहीं कर रही।

# अस्वस्थ रिटायर्ड कर्मी के घर पहुंचे सीईओ, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



अमूमन ऐसा कम ही देखने मिलता है जब कोई आईएएस रैंक का अधिकारी अपने विभाग में पदस्थ लिपिक जैसे कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर उसके घर विदाई देने पहुंचे। जिला पंचायत में लिपिक के रूप में पदस्थ एक बीमार कर्मचारी के रिटायर्ड होने पर जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने स्वयं उनके निवास पर पहुंचकर विदाई दी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में अनेकों वर्षों तक लिपिक के रूप में सेवाएं देने वाले जगदीश चौहान शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। चूंकि, चौहान अर्से से बीमार थे और दफ्तर आने में अक्षम थे, ऐसे में जिला पंचायत सीईओ गढ़पाले उनके गृह निवास पहुंचे और सांफा बांध, शॉल श्रीफल भेंट करते हुए विदाई एवं शुभकामनाएं दीं।

#### सभी देयकों के शीघ्र भुगतान के दिए निर्देश

इस दौरान सीईओ गढ़पाले ने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को रिटायर्ड कर्मचारी चैहान की भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेज्युटी सहित अन्य सभी देयकों के शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। सीईओ ने चैहान के दीर्घकालिक एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। इस दौरान विभाग में पदस्थ जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय, राधेश्याम मालवीय, लईक अंसारी, मानसिंह तोमर, धमेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा सहित चैहान के परिजन हरिसिंह सौलंकी, देवेंद्र कुमारी सौलंकी, अरुणा सौलंकी, भावना सौलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रतिवर्षानुसार पंडित नागर के सानिध्य में भक्त पहुंचे कामखेड़ा



**ब्यावरा।** गौ शरण भक्त मण्डल द्वारा भागवताचार्य पंडित सतीश नागर के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार ब्यावरा से प्रसिद्ध कामखेड़ा बालाजी धाम तक 13 वीं पद यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो एवं क्षेत्र ओर जनमानस का जीवन खुशहाल हो। यात्रा शनिवार को कामखेड़ा धाम पहुचेगी,जहां महाआरती एवम भंडारा प्रसादी होगी,,यात्रा में संत नीलेश महाराज पूर्व विधायक पुरषोतम दांगी,जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रसिंह सौंधिया,, भाजापा के दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर,अमित शर्मा, लखन यादव रामगोपाल मीना, विहिप के अशोक गुप्ता ,हर्ष तोमर,मांगीलाल गहलोत,देवीसिंह लववंशी, गिरराज लववंशी, गोवर्धन दांगी,रामेश्वर दांगी,पीड़ी, अनिल प्रजापति, शिव पालडी जनपद,मुकेश कुशवाहा, दिनेश यादव ,ज्ञान सिंह ,जगदीश लववंशी, ललित, राधेश्याम मंडी,पंडा जी,राधेश्याम अतरालीया,,अशोक यादव,,पप्पू दास,एवम सेकड़ो भक्त समिलित हुए।

## रंगभरी एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब श्याम भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु



**खूजनेर।** खाटू धाम में रंगभरी एकादशी पर लगा खाटू श्याम का लक्खी मेला मंदिर समिति द्वारा नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से निशान यात्रा खाटू श्याम मंदिर पहुंची मंदिर प्रागंण में 1100 किलो खीर का प्रसाद वितरण किया गया कई श्याम प्रेमियों ने बाबा के भंडारे आयोजित किए रात्रि में श्री श्याम मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ श्री श्याम को 56 भोग लगाया आकर्षक दिव्य दरबार सजाया गया दिन भर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा गूंजे श्री श्याम के जयकारे भजन संध्या में श्री श्याम के संघ प्रेमियों ने खूब खेली फूलों की होली श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु बाबा के पवित्र ज्योत लेकर श्याम भक्तों ने खुशहाली की कामना की नगर में ट्राफिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए टी

# 7 साल की बालिका फतिमा मंसूरी ने रखा पहला रोजा



**खिलचीपुर।** नगर के ताहिर पटेल मंसूरी की 7 वर्षी पुत्री फातिमा मंसूरी ने माहे रमजान में अपना पहला रोजा मुकम्मल कर आस्था और अनुशासन की अनूठी मिसाल पेश की। छोटी सी उम्र में दिन भर भूख प्यास सहते हुए रोजा रखने पर परिवार सहित मोहल्लेवासी और नगर वासियों ने भी उसकी सराहना की साथ ही उसकी बड़ी बहन हूंमेरा मंसूरी ने भी उसी के साथ सेहरी की ओर पूरे उत्साह के साथ दिनभर साथ में रोज रखा और शाम को इफ्तार के साथ रोज पूरा किया रोजा पूरा होने पर घर में खुशी का माहौल रहा परिजनों ने फूलों की माला पहनकर नन्हे , रोजेदारों का स्वागत किया। फातिमा हूंमैंर ने बताया कि उन्होंने बड़ों से सुना है कि रोजेदार की दुआ कबूल होती है इसी भावना से उन्होंने रोजा रखा और इफ्तार के बाद नगर खिलचीपुर और हमारे देश भारत की तरक्की अमन एवं खुशहाली के लिए दुआ की।

### हितग्राही ने नप कार्यालय में अधिकारी से की निषपक्ष जांच की मांग

# स्वामित्व प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर युवक से ठगे 25 हजार, थमा दिया फर्जी प्रमाण पत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



खिलचीपुर में नगर पालिका के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 25 हजार रुपये लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में नगर परिषद खिलचीपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्य वाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 04 कालाजी बल्ड़ी निवासी जितेन्द्र विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि रामप्रसाद (चायवाला) एवं राजु वर्मा (पार्षद प्रतिनिधि) ने नगर पालिका के दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर उससे 25,000 रुपये लिए, बाद में जब वह दस्तावेजों की पुष्टि के लिए नगर पालिका कार्यालय पहुंचा, तो जांच में वे दस्तावेज फर्जी पाए गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मामले की जानकारी ठगों को लगने पर ठगों द्वारा उसे डराया-धमकाया गया ओर नगर पालिका जाने को लेकर सवाल उठाए गए। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

#### क्या है मामला?

जितेंद्र विश्वकर्मा निवासी कालाजी बलडी वार्ड क्रमांक - 04 ने बताया मकान पर लोन करवाने के लिये मुझे स्वामित्व प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, में ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं ओर न ही ज्यादा जानता हूं मुझे रामप्रसाद चाय वाला एवं राजू वर्मा पार्षद प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र बनवाने की बात पर रुपया 25 हजार लेकर एक-दो दिन में प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही। मैंने रुपया दे दिया लगभग एक महीने बीत जाने पर मुझे प्रमाण पत्र इन्होंने बनवा कर दिया, जिसे लेकर में रजिस्टार ऑफिस गया तो उन्होंने इस प्रमाण पत्र को फर्जी बताया, तब में नगर पंचायत कार्यालय इसकी पुष्टि के लिए आया तो नगर परिषद कर्मचारी ने इसे फर्जी बताया।




प्रमाण पत्र पर वर्ष 2021 में पदस्थ सीएमओ के सिग्नेचर निकले वही नगर परिषद में इसकी जानकारी नहीं मिली। मैंने अपनी ठगी का शिकायती आवेदन सीएमओ साहब को ठगो के खिलाफ कार्यवाही करने को दिया।

#### नहीं दी राशि...

मुझे इस मामले में जानकारी नहीं है। मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। मैंने संबंधित से कोई राशि नहीं दी है।

**राजू वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि**

#### थाने भिजवा दिया...

हां शिकायतकर्ता का आवेदन आया है, हमने जांच कर प्रतिवेदन बनाकर थाने भिजवा दिया है।

**देवनारायण दांगी, सीएमओ खिलचीपुर**

## अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 मार्च को

**अशोकनगर।** चंदेरी के रामबाग क्रिकेट एसोसिएशन चंदेरी के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला 1 मार्च को सुबह 10 बजे से रामबाग स्टेडियम प्राणपुर, चंदेरी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 1,55,555 रुपये मलकीत सिंह संधू अशोकनगर द्वारा द्वितीय पुरस्कार 77,777 जेनिश जैन रोकड़िया चंदेरी द्वारा, एवं मेन ऑफ द सीरीज इलेक्ट्रिक स्कूटी विजय यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट के अंतिम चरण में प्रदेश एवं अन्य राज्यों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की टीमों के मिश्रण के मध्य रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।